<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–02.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे। यह अभियान नए सदस्यों की भर्ती और पार्टी के मौजूदा सदस्यों के नवीनीकरण पर ध्यान केंद्रित करेगा। श्री मोदी भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से अपनी सदस्यता का नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।

****

राज्य में उत्पाद सिपाही की बहाली के लिए चल रही शारीरिक जांच परीक्षा में दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों के गिरकर बेहोश हो जाने और मौत का सिलसिला जारी है। साहिबगंज में रांची निवासी एक अभ्यर्थी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि साहिबगंज समेत पलामू, हजारीबाग और गिरिडीह में दो दर्जन से अधिक युवा दौड़ के क्रम में बेहोश हो गए। आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि अबतक ग्यारह अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है।

****

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने उत्पाद बहाली में अभ्यर्थियों की मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। पलामू में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही के कारण ये हादसे हो रहे हैं।

****

इधर, झामुमो ने भाजपा के आरोपों का खंडन किया है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली में हो रही मौतों की जांच की जा रही है।

****

उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में अभ्यर्थियों की मौत के बाद राज्यभर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के छात्रों की ओर से मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। राजधानी रांची, गिरिडीह, हजारीबाग समेत अन्य शहरो में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुआवजे और मामले की जांच की मांग की है।

****

रांची से वाराणसी तक चलनेवाली अप और डाउन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव आज से पारसनाथ स्टेशन पर शुरू हो गया। गिरिडीह से आजसू के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने आज सुबह पारसनाथ स्टेशन पर इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राज्य की महिला तथा बाल विकास मंत्री बेबी देवी भी मौजूद रहीं।

****

उप राजधानी दुमका में स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है। इस सिलसिले में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज में 5 सौ शैय्या वाले अस्पताल भवन का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होने वाला है।